तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 21 जून 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 जनभागीदारी से होगा आयोजन, सभी वर्गों के लोग ....



13 इंद्रावती नदी के स्टॉप डेम का गेट अचानक ....



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

# सात जिले में साढ़े 5 माह में 163 हुए सर्पदंश के शिकार, 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बारिश का मौसम में सांप के काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। बरसाती पानी बिलों में भरने से सांप बाहर निकल आते हैं, ऐसे में ज्यादातर खेतों में काम करने वाले लोग सांपों का शिकार बनते हैं। सर्पदंश के मामलों में मौत के कई मामले आने के बाद भी ग्रामीण अंचलों में अंधवश्विास का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों के अंदरूनी एवं सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांवों में ग्रामीण परिवार के साथ जमीन में रात सोते हैं, इससे सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। जनवरी से जून के अब तक यानि साढ़े 5 माह में बस्तर संभाग में 163 सर्पदंश के मरीज रहे, जिनमें से बस्तर में 2, कोंडागांव में 5, नारायणपुर में 4, कांकेर में 52, दंतेवाड़ा में 35, बीजापुर में 55 एवं सुकमा जिले में 10 सर्पदंश के मरीज रहे, जिसमें से 161 मरीज स्वस्थ्य हुए और बीजापुर जिले के 2 सर्पदंश मरीजों की मौत हो चुकी।

बताया जा रहा है कि सर्पदंश लोगों को अस्पताल लाने की जगह झाड़-फूंक कराने के लिए सर्पदंश वाले मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र विलंब से पहुंचते हैं। बस्तर जिले के लगभग 282 स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं, जिसमें से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 8, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 40 एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र 234 स्थापित किए ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर व सुकमा में ज्यादा पीड़ित

अलग खबर

### फोन आते ही पहुंच रही टीम

बस्तर संभाग के 108 संजीवनी एक्सप्रेस के मैनेजर हेमराज सिंह ने बताया कि मरीजों के परिजनों के फोन मिलते ही 108 संजीवनी की टीम स्थल पर पहुंच कर अस्पताल पहुंच रहे हैं।





### सीएमएचओ को दिए निर्देश

स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि बारिश के दिनों में सांप के मामले बढ़ जाते हैं, इसमें सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के मामले आए हैं। इसलिए सातों जिलों के सीएमएचओ को निर्देश दिए कि सर्पदंश वाले मरीजों का ध्यान दें, जिससे उपचार हो सके।

## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवारों के लिए 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित दो परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील जगदलपुर ग्राम परपा के निवासी चन्द्रा कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री मालती बघेल को और तहसील तोकापाल ग्राम बारूपाटा निवासी कानू की मृत्यु पानी में डूबने से मृत्यु पत्नि गल्ले को चार-चार लाख लाख की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी गई है।

### राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा शुरू होगी 26 से

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 का आयोजन 26, 27, 28 और 29 जून को दो पाली में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और अपरान्ह 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। जगदलपुर में मुख्य परीक्षा जगतु महारा शासकीय बहुउद्देशिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होगी 23 को

**जगदलपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के आदेशानुसार 23 जून को शाम 4.30 बजे से कलेक्टर कार्यालय के आस्था हॉल में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका का वितरण किया जाएगा आज

**जगदलपुर।** तेंदूपता संग्राहकों के लिए चरणपादुका वितरण योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। बस्तर जिले में चरणपादुका वितरण समारोह का कार्यक्रम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में शनिवार को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक किरण सिंह देव, अध्यक्षता सांसद महेश कश्यप और विशिष्ट अतिथि में विधायक विनायक गोयल, लखेश्वर बघेल, छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय की उपस्थिति में होगा।

### शराब पीने की बात पर पत्नी की हत्या



**दंतेवाड़ा।** शराब पीने के विवाद पर युवक ने पत्नी की टंगिया से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसा एसपी गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला , पूजा कुमार तथा रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं कल्पना वर्मा एसडीओपी कुआकोण्डा के पर्यवेक्षण में हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 19 जून को प्रार्थी सन्नू मण्डावी पिता स्व. कोसा मण्डावी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 जून के रात्रि 6 से 7:30 बजे के बीच आरोपी हडमा मण्डावी अपने भाई सन्नू मंडावी के साथ छिन्दरस एवं शराब पीया। सन्नू मण्डावी के घर के आसपास घूम फिर रहा था । जिसे अपने घर जाने बोलने पर नहीं गया। 19 जून के ▶▶| शेष पेज 12 पर

पत्रवार्ता: योग पर प्रधानमंत्री मोदी की पहल एक वैश्विक आंदोलन बनी

# पीएम मोदी के नेतृत्व में योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग आधारित अर्थव्यवस्था 20 हजार करोड़ की हुई : महेश

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि शनिवार 21 जून को पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम के साथ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है। गत दस वर्षों में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासो से योग को दुनिया में अपना उचित स्थान मिला है। श्री कश्यप ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की हो चुकी है। 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षक दुनिया के 190 देशों में योग सीखने-सिखाने का कार्य कर रहे हैं। सांसद श्री कश्यप ने शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय एनएसएसओ के हाल ही में हुए सर्वेक्षण में पाया गया कि देश के 2.5 करोड़ घरों में, जो कि देश की आबादी का लगभग 8 प्रतिशत है। कम-से-कम एक सदस्य नियमित योग करता है। यह योग के भारतीय जीवन शैली से जुड़ाव को दिखाता है। यह स्थापित करता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आम भारतीय के जीवन की प्राथमिकताओं पर चल रही है। श्री कश्यप ने कहा कि आज के इस कठिन दौर में, जहाँ बीमारियां और जनसंख्या दोनों ही तेज़ी से बढ़ रही हैं, योग एक ऐसा माध्यम है जिससे हम सभी एक स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकते हैं। योग केवल शरीर की क्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और चेतना को जोड़ने वाली एक जीवनशैली है। भारत, जो योग की भूमि है, ने सदियों से इसे संरक्षित और प्रचारित भी किया है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और आज विश्वभर में इसके वैज्ञानिक लाभों को स्वीकार किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि युवा और योग जितने उच्चारण में मिलते-जुलते हैं, उतनी ही गहराई से एक-दूसरे से जुड़े भी हैं। आज योग से विमुख होते जा रहे युवाओं को पुनः योग से जोड़ा जा रहा है। युवा योग अपनाएँ। योग कोई कठिन साधना नहीं, बल्कि मन को एकाग्र करने, तन को स्थिर करने, और आत्मा को शांत करने का एक सरल, वैज्ञानिक और प्रभावी तरीका है।



### ये रहे उपस्थित

पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय,महापौर संजय पाण्डेय,निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय,रजनीश पाणिग्राही,आर्येन्द्र आर्य, आलोक अवस्थी,राजेन्द्र बाजपेयी, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, फूल सिंह सेठिया,मनोज पाणिग्राही उपस्थित थे।

# योग गुरु संजय ने अति संवेदनशील नक्सल क्षेत्र में योग की अलख जगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ योग के माध्यम से सेवा,साधना और सौम्यता की एक जीवन-गाथा

योग दिवस विशेष

एक छोटे से गांव बस्तर में जन्मे संजय मिश्रा का जीवन एक साधारण बालक से एक आध्यात्मिक सेवक बनने की यात्रा है। बचपन से ही उनमें कुछ अलग था सहज करुणा,एक दृढ़ भावना कि मुझे लोगों के लिए कुछ करना है। देश के लिए कुछ करना है,सबके लिए उपयोगी बनना है। बस्तर के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित गांव में संजय ने योग का अलख जगाया। खासकर गादीरास, आवापल्ली, मुरचूंडा और भोपालपट्टनम में ग्रामीणों को योग का प्रशिक्षण दिया। आज उसी का फल उन्हें मिला और देश की राजधानी दिल्ली में उनका योग में दिए गए उल्लेखनीय सेवा को दृष्टिगत रखते राष्ट्रीय स्तर पर योगगुरु के रूप में सम्मान किया गया। पिछले दिनों दिल्ली में अखिल भारतीय योग महासंघ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे देश के अलावा विदेशों से भी योगगुरु सम्मलित हुए। छत्तीसगढ़ से केवल 2 योगगुरु को योग प्रशिक्षक के रूप में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए अखिल भारतीय योग सम्मान ▶▶| शेष पेज 12 पर



### योग का अर्थ सभी से जुड़ना

उनका मानना है कि,योग का सही अर्थ जुड़ना है स्वयं से, प्रकृति से, दूसरों से जब हम पेड़, पशु,पक्षी और इंसानों को एक ही चेतना का हिस्सा मानते हैं, तभी हम योग को जीते हैं। वे मानते हैं कि हर इंसान के जीवन में एक दिशा होनी चाहिए, और वह दिशा तभी मिलती है जब हम भीतर से शांत, जागरूक, प्रसन्न हों और मानव सेवा को अपना जीवन बना लें।उनकी यात्रा अभी रुकी नहीं है।

कलेक्टर ने तीरथगढ़ एवं मंगनार में ग्रामीण विकास कार्यों का लिया जायजा

# किसान मुर्गी पालन, साग-सब्जी फल उत्पादन कर बनेंगे समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने गुरुवार को दरभा विकासखंड के तीरथगढ़ एवं मंगनार का दौरा किया। दौरे में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, हार्टिकल्चर एवं प्रदान संस्था अन्य के समन्वय से ग्राम स्तर पर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए महिला स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर लेवल फेडरेशन की कार्यप्रणाली,सोलर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली हेतु मॉडल, कार्यान्वयन प्रक्रिया एवं समुदाय द्वारा संचालन की व्यवस्था, सब्जी उत्पादन के लिए बैकवर्ड व फॉरवर्ड लिंकेज, रेजेनेरेटिव खेती पद्धति एवं किसानों की आमदनी में वृद्धि, कृषक उत्पादक संगठन, मुर्गी शेड, चारा प्रबंधन व आय में वृद्धि की प्रक्रिया, फलदार पौधारोपण में आम, नींबू, सहजन, पपीता, केला, नारियल एवं नर्सरी विकास कार्य,इमली प्रसंस्करण से किसानों की आमदनी में इजाफा, मनरेगा के तहत पर्कोलेशन टैंक, ड्रिप सिंचाई, जल टंकिया का निर्माण और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बाँस राफ्टिंग एवं कायकिंग जैसी गतिविधियाँ संचालित करने पर चर्चा किए । इसके अलावा ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का अवलोकन। इस अवसर पर दरभा पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीरेन्द्र बहादुर, एपीओ मनरेगा शशांक, एनआरएलएम प्रभारी राजकुमार, पीएम आवास योजना के प्रभारी मनिहर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।



ग्रामीणों ने अनेक बार बीईओ,डीईओ को पत्र लिख शिक्षक को वापस शाला में लाने की थी मांग

# छोटे आमाबाल आज भी शिक्षकविहीन पदस्थ गुरुजी फरसागुड़ा में कर रहे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ प्राचार्य ने किया आदेश को दरकिनार, युक्तियुक्तकरण का असर नही

बस्तर ब्लाक के छोटे आमाबाल शाला जहां दर्ज संख्या 85 है, वह आज भी शिक्षकविहीन है। उक्त शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक वर्ग 3 को नियम विरुद्ध सीएससी संकुल समन्वयक फरसागुड़ा सलंग्न किया गया है,जबकि सहायक शिक्षक वर्ग 3 को संकुल समन्वयक पद की जिम्मेदारी नहीं दी जाती। छोटे आमाबाल के ग्रामीण शाला में शिक्षक को वापस लाने खण्ड शिक्षाधिकारी बस्तर को अनेक मर्तबे शिकायत की है। बावजूद आज पर्यन्त छोटे आमाबाल शाला शिक्षकविहीन है।

इसी तरह शासकीय हाईस्कूल हाटकचोरा के प्रभारी प्राचार्य पर शासन व उच्च अधिकारियों के आदेश का कोई असर होता नजर नहीं आ रहा। प्रभारी प्राचार्य द्वारा एक कनिष्ठ शिक्षिका को युक्तियुक्तकरण कार्रवाई और अतिशेष शिक्षकों को संभाग के अन्य जिलों में नियुक्ति की प्रक्रिया किये जाने के बाद भी शासकीय हाई स्कूल हाटकचोरा में अब तक अपने मूल संस्था के लिए भारमुक्त नहीं किया गया है। पिछले 4 वर्षों से इस संस्था में संलग्न शिक्षिका व्याख्याता,मूल संस्था शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल, माड़पाल, प्रभारी प्राचार्य के सह पर कार्यरत हैं। संभागीय संयुक्त संचालक (शिक्षा) लोक शिक्षण बस्तर संभाग के समक्ष संलग्न शिक्षिका को भारमुक्त न किए जाने के संबंध में चर्चा किए जाने पर उन्होंने अनभिज्ञता जताई।



### संलग्नीकरण समाप्त किया जाएगा

बस्तर जिले के समस्त शालाओं में शासन के निर्देश पर युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई की जा रही है। शालाओं में शिक्षकों की समस्या दूर करने संलग्नीकरण व्यवस्था खत्म किया जा रहा है। शासकीय हाई स्कूल हाटकचोरा एवं बस्तर ब्लाक के छोटे आमाबाल में युक्तियुक्तकरण के बाद भी पदस्थ शिक्षकों को उनके मूल पदास्थापना शालाओं में पदस्थ किया जाएगा।

**- बीआर बघेल,** जिला शिक्षा अधिकारी

कांग्रेस ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा, रखी मांग

# शहीदों की प्रतिमा के साथ हुई छेड़छाड़ निंदनीय: मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 15 दिवस के भीतर आरोपी को करें गिरफ्तार अन्यथा उग्र आंदोलन करेंगे

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लालबाग शहीद स्मारक में की गई तोडफोड़ को लेकर उचित कार्रवाई करने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

श्री मौर्य ने बताया शहर के झीरम शहीद स्मारक में कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ की गई है । शहीदों की प्रतिमाओं के साथ किया गया यह कृत्य निंदनीय और आपत्तिजनक है । कांग्रेस पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा शहीद स्मारक पर लगी लाइटें, प्लेटें, सीसीटीवी कैमरा, फेंसिंग, बैंच शिलालेख, प्रतिमाएं सहित अन्य चीजों को क्षतग्रिस्त कर दिया गया है । उन्होंने कहा महज बीस मीटर की दूरी पर आईजी कार्यालय है और कुछ दूरी पर कोतवाली थाना है बावजूद इसके ऐसा कृत्य शर्मनाक है जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे है। 15 दिवस के भीतर दोषियों की पहचान कर प्रशासन गिरफ्तारी करें,निगम प्रशासन द्वारा शहीद स्मारक की तत्काल सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए निगम की ओर से पुरानी अवस्था में नुकसान की गुणवत्ता जांच कर उसे पुनः ठीक करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए,अन्यथा कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। वही निगम ▶▶| शेष पेज 12 पर



### ये रहे मौजूद

इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,पूर्व महापौर जतिन जायसवाल,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,उपाध्यक्ष सेमीयल नाथ,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, बलराम यादव, मानसिंह बघेल,सुषमा सुता, वक्रिम सिंह डांगी,रविशंकर तिवारी, यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजवीन दास,पार्षद सुशीला बघेल, मनप्रीत कौर,जस्टिन भवानी,शुभम यद्धु,राकेश मौर, कमलेश पाठक, महेश ठाकुर,आदत्यि बिसेन, शादाब अहमद, एस नीला, ज्योति राव, सुनीता दास,पंकज केवट,मनोहर सेठिया, सलीम जाफर अली,उस्मान रजा,आनंद परिहार, मुन्नालाल कश्यप, लोकेश नंदा, खीरेंद्र यादव, समीर कुरैशी, साहिल हियाल मौजूद रहे । पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा पहले भी शहीदों की प्रतिमाओं के साथ तोड़-फोड़ हो चुकी है जिसके बाद कांग्रेस ने आवाज उठाई थी। वही महापौर संजय पांडे ने इसकी कोतवाली थाने में शिकायत भी दर्ज की थी किंतु दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज पर्यंत तक कोई भी सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई । उन्होंने कहा कांग्रेस शासनकाल में नर्मिति इस स्मारक की स्थिति देखरेख के अभाव में दयनीय हो चुकी है। दोषियों की पहचान कर सख्त कार्यवाही की जाए।

# वन विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बस्तर वन मंडल द्वारा वन विद्यालय के प्रांगण में हरित योग, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता के मार्गदर्शन में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त योग शिक्षक अमीन लीला द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। अमीन ने योग के माध्यम से मानसिक शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर प्रभाव की जानकारी दी। नियमित योग करने के फायदे को समझाया और साथ ही योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में उप वनमंडलाधिकारी जगदलपुर, बस्तर, चित्रकूट, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, उप वनक्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक तथा प्रशिक्षु वनपाल, वनरक्षक उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## बुडरा में 25.220 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले के ग्राम बुडरा में अवैध शराब संग्रहण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्र में शराब जब्त की है। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बस्तर संभाग आशीष कोसम के मार्गदर्शन में की गई। जिला आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर की गई इस छापेमारी में आरोपी हरेंद्र महावीर पिता घुड़राम, निवासी बुडरा, थाना माकड़ी को अवैध शराब संग्रहण के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 25.220 बल्क लीटर अन्य प्रांत उड़ीसा की विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य 7580 रूपए आंका गया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) और 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। आबकारी विभाग, कोण्डागांव ने अवैध शराब से जुड़ी शिकायतों के लिए दूरभाष नंबर जारी किया है, जिस पर किसी भी दिन और किसी भी समय सूचना दी जा सकती है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, आबकारी आरक्षक कैलाश प्रसाद पाण्डे, धनीराम कुलदीप, अशोक कुमार मण्डावी एवं वाहन चालक समदू बघेल, रविन्द्र पाण्डे उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों ने समय पर रक्तदान कर बचाई जान

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोण्डागाँव के बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा के



निर्देशन में और जिलाध्यक्ष सुरज यादव के मार्गदर्शन में कोण्डागाँव जिले में पिछले 5 वर्षों से लगातार पूर्व सैनिकों के द्वारा रक्तदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रीमती संगीता यादव निवासी ग्राम जैतपुरी को बी नेगेटिव रक्त की कमी के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी जानकारी मिलते ही तत्काल अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के कोषाध्यक्ष पूर्व सैनिक सोमेश्वर भारती ने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के द्वारा समस्तजनों से अपील किया जाता है कि स्वयं रक्तदान करें और दुसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व निर्णायकों को मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान सहित मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि एवं डाइट मनी से सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार ने बताया कि पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किए गए हैं। नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए योग्य आवेदकों से 26 जून तक कार्यालयीन समय में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

### गोलावण्ड, करियाकांटा और बम्हनी के स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिले के गोलावण्ड, करियाकांटा और बम्हनी स्थित स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि गर्भ ठहरने के एक माह के भीतर महिला की पहचान कर उसे आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं तत्काल मुहैया कराई जाएं, ताकि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मितानिनों की भूमिका को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मितानिन अपने क्षेत्र की महिलाओं की लगातार निगरानी करें और गर्भवती होने की जानकारी समय पर संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों को दें, जिससे गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण से ही महिला को समुचित देखरेख एवं सुविधाएं मिल सकें। गोलावण्ड स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टाफ से प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली जनचौपाल की जानकारी ली। निर्धारित समय पर जनचौपाल का आयोजन न होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी डा. आर के सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने और 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य में निर्देशों की अवहेलना पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- समय पर पंजीयन और देखरेख से ही सुरक्षित मातृत्व संभव : पन्ना
- जनचौपाल में लापरवाही पर एक्शन, 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश



#### कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य लाभ से न रहे वंचित

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसव कक्ष और शौचालयों की स्वच्छता की भी जांच की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दी गई सभी हिदायतों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में ठोस सुधार हो सके।

### पत्रवार्ता: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने दी जानकारी

# जनभागीदारी से होगा आयोजन, सभी वर्गों के लोग योगाभ्यास में हों शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

केबिनेट मंत्री एवं नारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले इस महत्त्वपूर्ण दिन को जिले में बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। योग को जन-जन तक पहुँचाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यह आयोजन जिला प्रशासन, योग समितियों, विद्यालयों एवं सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से संपन्न होगा।

- आज नारायणपुर में भव्य रूप से मनाया जाएगा 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

प्रेसवार्ता में केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि "योग केवल शारीरिक कसरत नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर के समन्वय का विज्ञान है। यह हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार है, जो आज वैश्विक पहचान बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। आज विश्व के 190 से अधिक देश इसे बड़े हर्षोल्लास से मना रहे हैं।" मंत्री श्री कश्यप ने योग के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में अनेक शारीरिक और मानसिक समस्याएँ सामने आ रही हैं। योग ऐसी विधा है जो दवाओं पर निर्भरता कम करके व्यक्ति को भीतर से स्वस्थ बनाती है।" उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के बाद लोगों ने योग और ध्यान की शक्ति को और गहराई से समझा है।



#### जिले में कई स्थानों पर होंगे योग अभ्यास सत्र

मंत्री श्री कश्यप ने जानकारी दी कि योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के अलावा ब्लॉक स्तर और ग्राम पंचायतों में भी योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। मुख्य आयोजन नारायणपुर नगर के बायोडावर्सिटी पार्क कोटुम हार में आयोजित होगा। प्रातः 7बजे से योग अभ्यास शुरू होगा। इसमें जिले के सभी जनप्रतिनिधिगण, विभागों के अधिकारी-कर्मचारी,छात्र-छात्राएँ, एनसीसी, एनएसएस, महिला मंडल, स्वयंसेवी संस्थाएँ और आमजन भाग लेंगे। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री कश्यप ने कहा कि "बीते वर्षों में युवाओं और बच्चों में योग को लेकर जागरुकता में सकारात्मक बदलाव आया है।

#### सभी वर्गों से योग दिवस में भागीदारी की अपील

प्रेसवार्ता के दौरान श्री कश्यप ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे 21 जून को सुबह समय निकालकर अपने नजदीकी योग केंद्र में सम्मिलित हों। "योग न तो जाति-धर्म देखता है, न ही उम्र। यह सबके लिए है छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक। उन्होंने कहा कि योग दिवस हमारे लिए एक अवसर है, जब हम खुद को और समाज को स्वस्थ और सशक्त बना सकते हैं। अंत में मंत्री श्री कश्यप ने मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "समाचार माध्यम समाज में सकारात्मकता और जागरूकता लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। योग जैसे विषय को जन-जन तक पहुँचाने में आपकी भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से आमजन को आयोजन की जानकारी मिलेगी और वे योग से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार, अध्यक्ष जिला पंचायत नारायण मरकाम, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इंद्र प्रसाद बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेतागण रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, जिला महामंत्रीद्वय संजय नंदी, संदीप कुमार झा, जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनियमितताएं मिलने पर अखिल मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



औषधि निरीक्षण दल ने फरसगांव ब्लॉक अंतर्गत अखिल मेडिकल स्टोर बोरगांव, सैनिक मेडिकल स्टोर फरसगांव एवं दीक्षा मेडिकल स्टोर लंजोडा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। अखिल मेडिकल स्टोर में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। फर्म द्वारा बिल बुक एवं शेड्यूल एच 1 रजिस्टर का संधारण नियमानुसार नहीं किया गया था। साथ ही फिजिशियन सैंपल का अवैध संधारण भी पाया गया। इन अनियमितताओं के लिए संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। किंतु उत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए फर्म का ड्रग लाइसेंस 5 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, सैनिक मेडिकल स्टोर से रिलकॉफ सिरप तथा अखिल मेडिकल स्टोर से स्टेमिल एमडी टेबलेट को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। औषधि निरीक्षक सुखचौन सिंह धुर्वे ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स की सतत निगरानी एवं औचक निरीक्षण की प्रक्रिया जारी है। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेश एवं कलेक्टर कोण्डागांव के निर्देशों के तहत लगातार जांच की जा रही है। जिले के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे दवाइयों की खरीद–बिक्री से संबंधित सभी दस्तावेजों एवं शेड्यूल एच 1 रजिस्टर का संधारण नियमानुसार करें।

- मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

#### दुकान में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल कराना अनिवार्य

*औषधि निरीक्षक सुखचौन सिंह धुर्वे ने बताया कि सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नार्कोटिक औषधियों एवं एमटीपी किट जैसी विशेष श्रेणी की दवाइयों की बिक्री पर औषधि विभाग द्वारा लगातार सघन निगरानी रखी जा रही है। अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

# कोण्डागांव को मिली डाइट की सौगात शिक्षक प्रशिक्षण में आएगा क्रांतिकारी बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित मांग का लंबे इंतजार के पश्चात जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट की स्वीकृति प्राप्त हुई है, यह स्वीकृति शिक्षा के क्षेत्र में कोंडागांव जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट की स्वीकृति के लिए कोण्डागांव विधायक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी जी का अथक प्रयास अपरिकल्पनीय है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव ने विधायक लता उसेंडी का हृदय से आभार व्यक्त करता है। जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि कोण्डागांव जिला में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए बस्तर डाइट जाना पड़ता था विगत वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त करने जाते समय हमारा एक साथी बड़ेराजपुर का सड़क दूर्घटना में मौत हो गया। जिलें में प्रशिक्षण संस्थान के रूप में ब्लॉक शिक्षक शिक्षा संस्थान बाइड के नाम पर सम्बलपुर में एक भवन मात्र था परन्तु विधायक लता उसेंडी के प्रयास से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं पद संरचना सेटअप की स्वीकृति से शिक्षा की गुणवत्ता, प्रशिक्षण की सुगमता एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। हम विधायिका को धन्यवाद देते हैं। डाइट की स्थापना से अब हमारे शिक्षक–शिक्षिकाओं प्रशिक्षण के लिए अन्य जिलों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा।

- विधायक लता उसेंडी के प्रयासों से शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि



#### ये रहे शामिल

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त करने वालों में प्रदेश पदाधिकारी चन्द्रकांत ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, अखिलेश राय, जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, शिवराज ठाकुर, जिला पदाधिकारी संजय राठौर, यादवेन्द्र सिंह यादव, राखी ठाकुर, बिंदिया अग्निहोत्री, कामिनी मिश्रा आदि शामिल हैं।

#### विधायक के प्रयास को सकारात्मक परिणाम

कोण्डागांव में ही सभी ब्लॉकों के शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, नई शिक्षा नीति के तहत गुणवत्ता सुधार के आयाम, तकनीकी शिक्षा, नवाचार आधारित प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेंगे। जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने कहा है कि विधायक महोदया के प्रयास को सकारात्मक परिणाम में क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अब कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव की है जहां स्वीकृति सेटअप के आधार पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों की पदस्थापना कर इसी शिक्षा सत्र 2025–26 से शिक्षण–प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ किया जा सके। स्वीकृति उपरांत संस्थान के संचालन के लिए शीघ्र अति शीघ्र कार्रवाई प्रारंभ की जानी चाहिए।



# कांग्रेसियों ने अस्पताल में फल वितरण कर मनाया नेता प्रतिपक्ष राहुल का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन को कांग्रेसजनों ने पूरे देशभर की तरह कोंडागांव में भी सेवा और सामाजिक कार्यों के माध्यम से उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में स्थानीय जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल और बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी का जन्मदिन सेवा भाव के साथ मनाना उनके विचारों और सिद्धांतों का सम्मान है, जो सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित रहते हैं। कोंडागांव कांग्रेस द्वारा किया गया यह आयोजन जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक रहा। जिसमें सभी ने एकजुट होकर राहुल गांधी के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस सेवा कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमू लाल दीवान, जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल, गीतेश गांधी, सकुर खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमा देवांगन, नरेंद्र देवांगन, मंशा बघेल, सन्नी चोपड़ा, नंदू दीवान, देवेंद्र कोर्राम, प्रीति भदौरिया, अनीता गन्नू पोयाम, सुनील रायकवार, कमलेश दुबे, कामदेव कोर्राम, गीतेश बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### बोरगांव पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में 23वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

# नव आरक्षकों ने ली देशसेवा की शपथ, दीक्षांत परेड में दिखाया शौर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव



कोंडागांव जिले के अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगांव में 20 जून शुक्रवार को नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण 23वां सत्र दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर पी. सुंदरराज शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सशत्र बलों के 90 आरक्षकों ने शानदार परेड कर अतिथियों को सलामी दिया।

मार्च पास्ट उपरांत बोरगांव पीटीएस के सेनानी एस एल बघेल के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन पाठन में बताया कि कोण्डागांव जिले के अंतर्गत एक मात्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र बोरगांव में छत्तीसगढ़ राज्य के नव आरक्षकों को अनुशासन, मानव अधिकारों की रक्षा, युद्ध कौशल, फील्ड क्राफ्ट, एवं विभिन्न प्रकार के हथियारों का चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कुल 90 नव आरक्षकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस संस्था में उक्त अवधि से विभिन्न कोर्स का प्रशिक्षण करवाया जा रहा है और नव आरक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने क्षेत्र में जाकर देश की सेवा मे तैयार हैं। ततपश्चात आईजी ने सभी जवानों को शपथ दिलाकर प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी क्रिया। साथ ही निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक पर पद प्रमोट हुए परेड कमांडर रुस्तम सारंग को स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान आईजी ने सभी नव आरक्षकों के परेड की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी हैं।

#### देश को नौजवानों की जरूरतः आईजी

इस दौरान आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि आज पूरा देश भ्रष्टाचार एवं नक्सलवाद जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है राज्य में पनप रहे नक्सलवाद से निपटने के लिए ऐसे युवा नौजवानों की हमारे देश को निहायत जरूरत है। पीटीसी बोरगांव में आयोजित 23वें दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षण पूरा कर चुके छग सशत्र बल के अलग अलग बटालियन के 90 आरक्षक अब देश व समाज सेवा का संकल्प लेकर छत्तीसगढ़ में सेवा, सुरक्षा व शांति बनाए रखने में सेवा देंगे। मैं सभी नव आरक्षकों को बधाई देता हूँ और यह उम्मीद करता हूँ कि आने वाले समय मे भी ये जवान अपने प्रदेशवासियों की सेवा व सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीआईजी एस एल बघेल, पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार, सहायक सेनानी आनंद सिंह रावत, एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, फरसगांव थाना प्रभारी संजय शिंदे, सीडीआई लक्ष्य राम प्रेमी, सीसी भगवान सिंह, पीसी स्वपन सरकार एवं पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के सभी जवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में बोरगांव के ग्रामीण और आरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे।

### कोण्डागांव पुलिस के जांबाजों के लिए सम्मान समारोह

# नक्सल विरोधी अभियानों में वीरता के लिए मिली समय से पूर्व पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

पुलिस ने 18 जून को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में नक्सल विरोधी अभियानों में अद्वितीय साहस एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को क्रम से पूर्व पदोन्नत कर सम्मानित किया गया।

- नक्सल विरोधी अभियानों में कोण्डागांव पुलिस की शानदार सफलता

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार द्वारा चयनित अधिकारियों को स्टार एवं बैचध्रिबन लगाकर सम्मानित किया गया। प्रमुख मुठभेड़ जिनमें पुलिस ने दिखाई वीरता कोड़तामरका जंगल, नारायणपुर 15 जून 2024 थाना कोहकामेटा अंतर्गत कोड़तामरका क्षेत्र में पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों को ढेर किया गया। जिन पर कुल 64 लाख का इनाम घोषित था। इस कार्रवाई में भारी मात्र में हथियार व विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई। कोहकामेटा जंगल, नारायणपुर 02 जुलाई 2024 एक अन्य मुठभेड़ में 5 इनामी नक्सलियों का सफाया किया गया जिन पर कुल 40 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से हथियारों सहित महत्वपूर्ण सामग्री बरामद की। इन अभियानों में कोंडागांव जिला रिजर्व गार्ड डीआरजी विशेष कार्य बल एसटीएफ तथा अन्य बलों की संयुक्त टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



#### इन जांबाजों को मिली पदोन्नति

नक्सल विरोधी अभियानों में साहसिक भूमिका निभाने के लिए निम्नलिखित पुलिसकर्मियों को क्रम से पूर्व पदोन्नति दी गई। प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक रजनू सलाम आरक्षक से प्रधान आरक्षक, यामसिंह तेता, रमेश कुमार प्रशांत जुर्री। सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, रूपेश कुमार डाण्डे, डीएसपी सतीश भार्गव, के.पी. मरकाम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं पदोन्नत जवानों के परिजन उपस्थित रहे। सभी ने इन जांबाजों के साहस और समर्पण की सराहना की।

#### वीरता का सम्मान, कर्तव्य की प्रेरणाः एसपी

पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनके कार्य की सराहना है, बल्कि भविष्य में भी कर्तव्यनिष्ठा और साहस के साथ कार्य करने की प्रेरणा है। उन्होंने नक्सल विरोधी अभियानों में निरंतर समर्पण और बहादुरी की अपेक्षा भी व्यक्त की। कोण्डागांव पुलिस नक्सलवाद के खात्मे के लिए समर्पित भाव से कार्यरत है। इस प्रकार के आयोजन न केवल जांबाजों को सम्मानित करते हैं, बल्कि संपूर्ण बल का मनोबल ऊंचा उठाते हैं और समाज में शांति स्थापना की दिशा में सकारात्मक संदेश देते हैं। कोण्डागांव पुलिस की ओर से सभी सम्मानित जवानों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## पेज 11 के शेष

#### सात जिले में ....

गए हैं। इस जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र से सीएचसी एवं जिला अस्पताल लगभग 30 से 45 किमी दूर होने से सर्पदंश के मरीज पहुंचने में परेशानी होती है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से उप स्वास्थ्य केन्द्र को फ्रिज नहीं देते, जिसके चलते उप स्वास्थ्य केन्द्र में सर्पदंश की दवाएं नहीं रखा जाता है। इस क्षेत्र के गांव में सर्पदंश के मरीजों को जिला अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेफर किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार होने से वे लोग उप स्वास्थ्य केन्द्र भरोसे नहीं रहते, बल्कि एम्बुलेंस एवं अपनी वाहनों की सुविधा कर परिवार के मरीजों को निकट स्थित अस्पताल ले जाते हैं।

#### योग गुरु संजय ने ...

समारोह में संजय को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। 30 वर्ष पहले मुंगरे मठ बिहार से योग का परीक्षण प्राप्त कर योग की उपाधि डिग्री ली। योगगुरु संजय वर्तमान मे श्री श्री रविशंकर के अनुयायी के रूप में योग का प्रशिक्षण दे रहे है। हरिभूमि ने संजय मिश्रा से चर्चा की,उन्होंने अपने इस योग यात्रा विस्तार से बताया। संजय की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा बस्तर के गांव में ही हुई। परन्तु जिज्ञासा और सीखने की ललक ने उन्हें रायपुर, ग्वालियर,और फिर बैंगलोर तक पहुँचाया। उन्होंने बताया योग के माध्यम से विभिन्न शहरों में शिक्षा सिर्फ किताबी नहीं रही,बल्कि जीवन को गहराई से समझाने की प्रेरणा भी देती है।

#### शराब पीने की बात ....

अलसुबह 3.30 बजे आरोपी के घर तरफ से बच्चों के रोने की आवाज सुनकर जाकर देखा तो हड़मा मण्डावी अपनी पत्नी जोगी मण्डावी उम्र 29 वर्ष को शराब पीकर गुस्से में टांगिया से उसके सिर पर प्राणघातक हमला कर हत्या कर दिया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कुआकोण्डा में अपराध क्रमांक 13/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश किया। आदेश पर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका : कार्रवाई में निरीक्षक मोहर साय लहरे , प्रआर भरत नेताम , मनोज तिवारी, पीलू मरकाम , आरक्षक राजू ओयामी, झिमटू राम, अर्जुन सामरथ तथा श्यामलाल अटामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### शहीदों की प्रतिमा ...

आयुक्त ने कुछ दिनों का समय मांगा है टेंडर की प्रकिया पूर्ण होते ही जल्द से जल्द कार्य शुरू करने की बात कही है । नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया नगर निगम की नष्क्रियिता के चलते झीरम शहीद स्मारक में असामाजिक तत्वों ने अड्डा बना लिया है,जहां शहीदों की प्रतिमाओं के साथ तोड़-फोड़ और शराब की बोतलें फोड़ने की घटनाएं हो रही हैं। देखरेख के अभाव से स्मारक की गरिमा को ठेस पहुंच रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी साथ ही इसका पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा की प्रतिमा पर शराब की बोतलें फोड़ने की घटना ने स्मारक की गरिमा को तार-तार कर दिया है। यह स्थान शहीदों को श्रद्धांजलि देने का प्रतीक है, किंतु नगर निगम की अनदेखी के चलते अब यह शराबियों और असामाजिक तत्वों का ठिकाना बन चुका है, नगर निगम प्रशासन को जल्द से जल्द इस पर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति के नलकूप खनन प्रतिबंधित

**सुकमा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीआर कोर्राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूमिगत जल स्तर बहुत तेजी से नीचे जाने के कारण भविष्य में होने वाले जल समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद् सुकमा के सामान्य सभा की बैठक 2 जून में लिए गए निर्णय के अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा से बिना अनुमति के नलकूप खनन कार्य को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### राशनकार्डों का 30 जून तक कर सकते है ई- केवायसी

**सुकमा।** भारत सरकार उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड वन नेशन वन राशनकार्ड योजनातगर्त सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतगर्त 83220 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डों में 262867 सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में से 133099 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो गया है। 129768 सदस्यों का ई-केवायसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायासी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही जिले का चयन कर अपना आधार नंबर डाजकर, आधार ओटीपी क माध्यम से फेम ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डों में पंजीकृत सभी सदस्य जिन्होने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जूनतक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करावें।

### मेंढका डोबरा मैदान में होगा आज योगाभ्यास

**दंतेवाड़ा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन मेंढका डोबरा, मैदान, माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर, दंतेवाड़ा में किया जाना प्रस्तावित है। इस क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व जन मानस में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 19 से 21 जून तक प्रातः 6:30 बजे से 8 बजे तक मेंढका डोबरा, मैदान, मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर, दंतेवाड़ा में योगाभ्यास कार्यक्रम किया जाएगा।

### धाकड़ समाज की आमसभा 25 को

**घाटलोहंगा।** धाकड़ समाज के तत्वावधान में आगामी साधारण आमसभा का आयोजन 25 जून को सुनिश्चित किया गया है। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु समाज के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं युवा वर्ग अत्यंत सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आमसभा न केवल संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श का अवसर होगी, बल्कि सामाजिक एकता, युवा चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध होगी।

# स्वस्थ जीवन के लिए परिवार के हर सदस्य को करना चाहिए योग : चैतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम अटामी ने कहा की जैसा कि आप सभी जानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की मान्यता दी और इस दिन दुनिया के सभी देशों में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। भारत के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है। यह 2015 से हर साल 21 जून को मनाया जाता है। क्योंकि उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन इस दिन होता है और आध्यात्मिक सिद्धियों के लिए यह उपयुक्त समय होने के कारण इस दिन का चयन प्रधानमंत्री ने किया। सन 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था। हर वर्ष अलग-अलग थीम पर यह दिवस मनाया जाता है। सन 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर योग सत्र, शिविर, और कार्यशालाओं का आयोजन होगा। पूर्व की तरह ही स्कूलों, कॉलेजों, और कार्यस्थलों में योग कार्यक्रम जिसमें सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता सत्र होंगे। इस प्रेस के माध्यम से हम जनता से निवेदन करते हैं कि सभी इस आयोजन से जुड़ें। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। जहां कल शासन द्वारा भी यह दिवस मनाया जाएगा, वहीं भारतीय जनता पार्टी की तरफ से भी अनेक आयोजन प्रस्तावित हैं। विधायक ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से योग की महत्ता को रेखांकित किया गया है। इस विशेष दिन पर नागरिकों से यह अपील की गई है कि वे अपने जीवन में नियमित रूप से योग को शामिल करें और पूरे परिवार को स्वस्थ रखने के लिए एक सामूहिक प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का माध्यम भी है। विशेषज्ञों का कहना है कि भागदौड़ भरी जीवनशैली, मानसिक तनाव, अनियमित खानपान और डिजिटल जीवनशैली से होने वाली परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए योग सबसे प्रभावी उपाय है। आज के समय में जब बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में योग एक सरल और सुलभ समाधान है।विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि परिवार के सभी सदस्यों को मिलकर सुबह जल्दी उठकर योग करना चाहिए। यह न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। बच्चों में एकाग्रता, धैर्य और आत्मनियंत्रण बढ़ाने के लिए योग बहुत ही उपयोगी है।

उन्होंने बताया कि वृद्धजनों के लिए योग जोड़ों के दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद करता है, वहीं युवाओं के लिए यह फिटनेस और आत्मविश्वास बढ़ाने का जरिया है। महिलाओं के लिए योग हार्मोन संतुलन और मानसिक स्थिरता लाने में सहायक है। योग दिवस पर आयोजित शिविरों, विद्यालयों, सामुदायिक केंद्रों और ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से लोगों को यह प्रेरणा दी गई कि योग कोई एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि इसे रोज़मर्रा की आदत बनाना चाहिए। यदि प्रत्येक परिवार योग को अपनाता है तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव भी मजबूत होगी।

अतः आज के दौर में यह आवश्यक हो गया है कि हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को जीवन का हिस्सा बनाएं और योगा फॉर वेलनेस को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग,जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान, पूर्व जिला महामंत्री पिंटू उइके, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता,मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर उपस्थित हुए।

# इंद्रावती नदी के स्टॉप डेम का गेट अचानक खोले जाने से रायकेरा नदी का जल स्तर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर अंचल के किसानों के लिए जीवनदायिनी मानी जाने वाली इंद्रावती नदी के सहायक नदी रायकेरा नदी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा है। इसका मुख्य कारण इंद्रावती नदी पर बने स्टॉप डेम के गेट का अचानक खोलने के कारण है । किसानों का कहना है कि जल संसाधन विभाग ने बिना पूर्व सूचना दिए इंद्रावती नदी के डेम का गेट खोल दिया, जिससे रायकेरा नदी का पानी सूखने लगा है।

इस स्थिति से किसानों में आक्रोश व्याप्त है, क्योंकि धान की बुवाई का समय सिर पर है और खेतों के लिए जरूरी पानी अब उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने बताया कि रायकेरा नदी इंद्रावती नदी की सहायक नदी है और इस पर कई गांवों के किसान सिंचाई के लिए निर्भर हैं। वर्तमान में धान बीज बोने का समय चल रहा है और किसानों को नर्सरी से लेकर खेत तैयार करने के लिए पानी की आवश्यकता है। लेकिन रायकेरा नदी का जलस्तर अचानक गिर जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा पूर्व में कलेक्टर, कमिश्नर, जल संसाधन विभाग और मंत्री को लिखित और मौखिक रूप से कई बार निवेदन किया था कि जब भी इंद्रावती नदी के डेम का गेट खोला जाए, तो हमें पूर्व सूचना दी जाए ताकि किसान अपनी तैयारियां कर सकें। लेकिन विभाग ने हमारी बात को अनसुना कर दिया। बिना सूचना दिए गेट खोल दिया गया, जिससे रायकेरा नदी में पानी की कमी हो गई।

उन्होंने आगे कहा कि इंद्रावती नदी के जल प्रबंधन को लेकर प्रशासनिक लापरवाही से किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। रायकेरा नदी का पानी घट जाने से खेत सूखने लगे हैं और बोआई का काम रुक गया है। इससे न केवल फसल उत्पादन प्रभावित होगा, बल्कि आने वाले समय में पेयजल संकट भी उत्पन्न हो सकता है। किसानों का कहना है कि वे बार-बार प्रशासन से अपनी मांग रखते आ रहे हैं, लेकिन हर बार उनकी मांगें कागजों में दबकर रह जाती हैं। अब जबकि समस्या गंभीर हो गई है, तब भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। संघर्ष समिति और किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया और डेम संचालन में पारदर्शिता नहीं बरती गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। किसानों ने यह भी बताया कि इंद्रावती नदी पर बने डेम के गेट खोलने और बंद करने की प्रक्रिया में कोई नियम-कायदा नहीं दिख रहा है। जब चाहे तब गेट खोल दिया जाता है, जिससे पानी का बहाव अनियमित हो जाता है और सहायक नदियों जैसे रायकेरा में जल संकट गहरा जाता है। किसानों का कहना है कि यदि विभाग ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो धान सहित अन्य फसलें बर्बाद हो जाएंगी और इससे क्षेत्र में आर्थिक संकट पैदा हो सकता है। इस मामले पर जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

किसानों का कहना है कि वे लगातार अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द बैठक बुलाकर समस्या का हल निकाले और यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में डेम के गेट खोलने से पहले किसानों को सूचना दी जाए। रायकेरा नदी बस्तर क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है, जो इंद्रावती नदी से अपना जल ग्रहण करती है। यह नदी कई गांवों के किसानों की सिंचाई और घरेलू जरूरतों का साधन है। यदि इस नदी का जलस्तर इसी तरह घटता रहा, तो आने वाले समय में क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बन सकती है।

किसानों ने यह भी कहा कि जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाए ताकि इंद्रावती नदी और उसकी सहायक नदियों में संतुलित जल प्रवाह बना रहे। इसके अलावा डेम संचालन को लेकर एक स्पष्ट और पारदर्शी नीति बनाई जाए, जिसमें किसानों की राय और हितों को प्राथमिकता दी जाए।

किसानों और संघर्ष समिति ने शासन से अपील की है कि किसानों की इस पीड़ा को गंभीरता से लिया जाए और उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की जाए ताकि उनका जीवन और आजीविका दोनों सुरक्षित रह सके। यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो क्षेत्र में बड़ा किसान आंदोलन खड़ा हो सकता है।

## दूरस्थ गांवों में बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण हमारी प्राथमिकताः महेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

- 30 लाख की लागत से स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

जिले के करपावंड विकासखंड के ग्राम बीजागुड़ा में आज 30 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वीकृत कार्यों का शुभारंभ करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कश्यप ने कहा कि बीजागुड़ा जैसे दूरस्थ गांवों में बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण हमारी प्राथमिकता है। अब विकास केवल शहरी सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंतिम छोर तक पहुंचेगा। आज का भूमिपूजन इस दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा, सामुदायिक भवन, स्वच्छता तथा आवासीय संरचना का लाभ मिलेगा, जिससे उनका जीवनस्तर सुधरेगा और सामाजिक समरसता को बल मिलेगा। सभी ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहल निश्चित रूप से बीजागुड़ा के लिए एक नई विकास गाथा की शुरुआत है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष तरुण पांडेय, वरिष्ठ कार्यकर्ता परिस बेसरा, विषम ठाकुर, मंगलूराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## बीजापुर में जन अधिकार सामाजिक कल्याण संगठन का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम





जन अधिकार सामाजिक कल्याण संगठन की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ए, सुधाकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जन अधिकार सामाजिक कल्याण संगठन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत हैं। इस संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने प्रदेश स्तर एवं बीजापुर जिला का नई कार्यकारिणी गठन करते हुए संघ के कार्यों को गति प्रदान करने कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष कोटेश्वर राव चापड़ी ने 17 नए पदाधिकारियों का चयन बीजापुर जिले के लिए किया है। जिन्हें नियुक्त करते हुए उम्मीद जताया है कि इनके माध्यम से संघ जनहित के लिए मुद्दों पर प्रमुखता से अपनी बात रखेंगे। बीजापुर में जी सुधाकर संरक्षक, जयंती परते जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं शबी, पुष्पा राव वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं अन्य लोगों को भी संगठन का जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि अपने अधिकारों के लिए समस्त जनता से अपील किया कि अपनी जन विकास योजनाओं का नगर एवं गांव शहर में अपने-अपने मांगों को जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ प्रमुखता से रखें। जिसमें संगठन अपनी मांगों को समय सीमा में निदान किया जा सके। हम सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ बीजापुर जिले के जनहित समस्याओं को लेकर आगे बढ़ेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों में बी.राव गोडबोले, प्रदेश सचिव, कृष्ण राव गुरला, संभागीय उपाध्यक्ष , बस्तर संभाग, नक्का बाल सिंह, संयुक्त सचिव , गणपत राव ठाकुर, संयुक्त सचिव, टी,बोरैया, जिला संरक्षक जिला बीजापुर, बी एस, नागेश जिला महासचिव जिला बीजापुर, केके चापड़ी जिला महासचिव जिला बीजापुर, मल्ला राव मोडीयम जिला सचिव जीसी में हर्ष व्याप्त है।

## लाइवलीहुड कॉलेज सम योगा कार्यक्रम के तहत योग कार्यशाला हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

20 जून को आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में लाइवलीहुड कॉलेज कारली में सम योगा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय योग कार्यशाला केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र सीसीआरवाईएन नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में 120 ज्यादा प्रतिभागी उपस्थित थे। इस कार्यशाला आयोजन में आयुष विभाग दंतेवाड़ा के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार बर्मन ने वर्तमान में योग की आवश्यकता विषय पर व्याख्यान देने के साथ-साथ प्रतिभागियों को ओम मेडिटेशन का अभ्यास कराया। इसके अलावा योग गुरु बीआर साहू ने योग नियमित अपनाने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इस क्रम में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग संतोष टोप्पो ने योग साथ ही नशा मुक्त जीवन अपनाने हेतु शपथ भी दिलाया और कार्यशाला में 21 जून को एक साथ भव्य योग प्रदर्शन हेतु निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में लाइवलीहुड की ट्रेनिंग ऑफिसर संजू नेताम तथा संध्या नेताम, देवांगन प्राचार्य सिन्हा एवं उपसंचालक अमित वर्मा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. बसंत कोसरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों को प्राकृतिक आहार वितरित किया गया।

## राज्य मुख्य आयुक्त का महापौर और पार्षदों ने किया स्वागत ...



**जगदलपुर।** स्काउट एवं गाईड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के आगमन पर महापौर व जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। सर्किट हाउस में निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद हरीश पारेख, मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, संजय चंद्राकर, राजपाल कसेर, पंकज आचार्य, रितेश सिन्हा, मनोज ठाकुर, सूर्यभूषण सिंह, ब्रजेश कपूर, ब्रिजेश शर्मा, योगेश मिश्रा, सुप्रीयो मुखर्जी, सूरज श्रीवास्तव, सहायक राज्य आयुक्त वाजिद खान, जिला सचिव लिलेश देवांगन, जिला संगठन आयुक्त दशरु राम यादव उपस्थित रहे।

## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर होगा योग दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भारत में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर 21 जून की प्रातःकाल में 11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में यह आयोजन जिला मुख्यालय के ज्ञानोदय भवन आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कुम्हाररास सुकमा में प्रातः 6:30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। योग कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु उपसंचालक समाज कल्याण संजय पाण्डे को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों, एनएसएस, कॉलेज विद्यार्थियों सहित युवा, बुजुर्ग, सभी इच्छुक नागरिकों एवं गणमान्य अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया जाएगा। इस वर्ष के योग उत्सव में 10 प्रमुख कार्यक्रम सम्मिलित किए गए हैं, जिन्हें विभिन्न सामाजिक वर्गों की सहभागिता हेतु डिज़ाइन किया गया है। ये कार्यक्रम वास्तव में योग सबके लिए की भावना को प्रतिबिंबित करते हैं। इन प्रमुख कार्यक्रमों में योग संगम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के केंद्र में है। 21 जून को निर्धारित यह आयोजन एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देशभर के 1,00,000 से अधिक स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन के रूप में आयोजित किया जाएगा। अन्य नौ प्रमुख कार्यक्रम इस योग उत्सव की तैयारी में योगदान देंगे।

## नीट में छू लो आसमान के चार विद्यार्थियों ने किया जिले का नाम रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा






छू लो आसमान दंतेवाड़ा जिले की आवासीय कोचिंग संस्था, ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। हाल ही में नीट यूजी के तहत जारी परीक्षा परिणामों में संस्था के 39 विद्यार्थियों ने परीक्षा अन्तर्गत अर्हता हासिल की है। ज्ञात हो कि संस्था के से कुल 128 विद्यार्थियों द्वारा भाग नीट यूजी परीक्षा दिया गया था।

इसमें से चार विद्यार्थियों ने इतनी अच्छी रैंक अर्जित की है कि उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीट मिलना तय है। इन छात्रों में समीर अंक 343 वर्ग एसटी पिता लच्छूराम पता मकान क्र. 1, गुड्डीपारा, मेटापाल, इंद्र कुमार अंक अंक 336 वर्ग एसटी पिता फागनु पता मकान क्र. 110, राउतपारा, लाला गुड़ा, विकासखंड बास्तानार, संतोष पोडियम अंक 336 वर्ग एसटी पिता कोसा पता मकान क्र. 181, चिकपाल, परचेली, . कु. रत्ना रामू अंक 334 वर्ग एसटी पिता रामू पता ग्राम धुरली के नाम शामिल है। ये सभी छात्र जिले के दूरस्थ, आदिवासी और आंतरिक इलाकों से आते हैं, और उन्होंने यह सिद्ध किया है कि अवसर मिलने पर कोई भी छात्र बुलंदियां छू सकता है। इस शानदार सफलता पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने इन छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्त एवं जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम ने चारों विद्यार्थियों सहित सभी 39 क्वालीफाई छात्रों को हार्दिक बधाई दिया हैं।

उन्होंने इस सफलता को जिले की शैक्षणिक प्रगति और छू लो आसमान योजना के प्रभावी संचालन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

**PUBLIC NOTICE**

Know all men be notice that I **Ramesh Kumar Sahasi** Son of Dwarika Ram Sahsi residing at Type II/DS/155, Ward No. 16 Gandhinagar Kirandul, Post Kirandul Kirandul, Distt. Dantewada C.G. 494556, have changed my name and shall hereafter be known as **Ramesh Kumar Sinha** for all purposes.

**Ramesh Kumar Sahasi**
**R/o Type II/DS/155**
**Ward No. 16**
**Gandhinagar Kirandul,**
**Post Kirandul Distt.**
**Dantewada C.G. 494556**

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

TEAM CREATIVE

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### गोदना प्रशिक्षण के लिए 30 तक आवेदन

**जगदलपुर।** कौशल उन्नयन के तहत परंपरागत एवं आधुनिक टैटू (गोदना) कला से जुड़े पुश्तैनी युवा कलाकारों तृतीय लिंग समुदाय पुरूष एवं महिलाओं को टैटू कला की सम्पूर्ण जानकारी देने तथा रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम से जोड़ने 10 हितग्राहियों के लिये 15 दिवसीय टैटु (गोदना) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बस्तर एकेडमी आफ डांस आर्ट एण्ड लिट्रेचर बादल आसना मे किया जा रहा है।

### 9वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 23 से 27 तक

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी निर्धारित तिथि एवं समय में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें। काउंसलिंग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में 23 से 27 जून तक प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की गई है। वर्गवार चयनित बालक-बालिकाओं की काउंसलिंग की तिथि अलग-अलग रखा गया है। जिसमें 23 जून अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) के बालक वर्ग का। 24 जून को अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) के बालिका वर्ग का। 25 जून को अनुसूचित जाति के बालक एवं बालिका का। 26 जून को अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक एवं बालिका का और 27 जून को सामान्य वर्ग के बालक एवं बालिका तथा अल्पसंख्यक वर्ग के बालक एवं बालिका का काउंसलिंग किया जाएगा।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा कल

**जगदलपुर।** प्रदेश में स्वंयसेवी नगर सैनिकों (होमगार्ड) की भर्ती के लिए 22 जून को लिखित परीक्षा होगी। बस्तर में 5140 पदों के लिए हजारो पुरुष और महिला आवेदन जमा की है। प्रदेश में रायपुर, बिलासपुर,अंबिकापुर और जगदलपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी। बस्तर संभाग मुख्यालय में 14 केंद्रों में परीक्षा होगी। परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

### कटेकल्याण क्लस्टर में हुआ संतृप्ति करण शिविर

**दंतेवाड़ा।** जिले के विकासखण्डों में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज कटेकल्याण क्लस्टर में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लखारास, परचेली, नड़ेनार, चिकपाल, मारजूम, बेंगलुर, मथाड़ी के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में आधार बनाने, बैंक खाता खुलवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, जाति निवास बनाने, राशन कार्ड बनाने किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, स्वास्थ्य जांच कराने आदि हेतु विभिन्न विभागों द्वारा काउंटर बनाये गए थे, शिविर में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे भी सम्मिलित हुये उन्होंने शिविर में लगे सभी विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया व हितग्राहियों से रूबरू हुये, उन्होंने सेचुरेशन बेस पर सभी हितग्राहियों के दस्तावेज बनाने हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिये।

# ट्राइबल कल्चर थीम पर होगा हीरक जयंती विश्व समारोह : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## बस्तर के बच्चों और युवाओं को स्काउट्स एवं गाइड्स से जोड़ने हो रहे विशेष प्रयास

विशेष चर्चा

कोशिश, तैयार और सेवा यह है स्काउट्स एवं गाइड्स का विशेष ध्येय जिसके परिपालन से बच्चे और युवा अपने जीवन को बेहतर बनाते हैं। साथ ही योग्य नागरिक होने का दर्जा प्राप्त करते है। स्काउट्स एवं गाइड्स का 75 साल पूरे होने पर हीरक जयंती समारोह होगा। जिसमें देश विदेश के 10 हजार से ज्यादा लोग शामिल होंगे। बस्तर के बच्चों और युवाओं को जोड़ने के लिए 3 दिन के संभाग के 7 जिले का प्रवास का कार्यक्रम बनाया गया है इसी के तहत आज जगदलपुर आना हुआ। सरगुजा संभाग का दौरा हो चुका है। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने हरिभूमि से विशेष चर्चा में यह बात कही। 1990 के दौर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री का दायित्व मिलने पर बस्तर आना हुआ उस समय सहयोगी के रूप में संजय पाण्डे का साथ मिला था। आज जब राज्य मुख्य आयुक्त के पद पर हुं वे जिला आयुक्त है। अब वे महापौर भी बन गए है। शुक्रवार की सुबह महापौर के निवास में यह बात कहते हुए डॉ सोमनाथ यादव ने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स के पूरे राज्य में ढाई से तीन लाख तक विद्यार्थी एवं युवा जुड़े है। यूनिफॉर्म पहनते ही अनुशासित जीवन जीने की भावना मन में आ जाती है और सेवा का भाव के साथ जरूरतमंद को हर संभव मदद करना एक उद्देश्य बन जाता है। उन्होंने कहा कि समाज और देश के लिए कुछ करने की यहां प्रेरणा मिलती है। प्रायोगिक और लिखित परीक्षा के माध्यम से आगे बढ़ते हुए एक सैनिक की भांति सेवा करने का अवसर भी मिलता है। राज्यपाल और राष्ट्रपति से सम्मान पाने का सुअवसर मिलता है। उन्होंने कहा मुझे 1984 में राष्ट्रपति अवार्ड और 1982 में राज्यपाल से सम्मान प्राप्त होने का अवसर मिला।



### बस्तर में बड़ा कार्यक्रम करेंगे

डॉ सोमनाथ यादव ने कहा मां दंतेश्वरी की पावन भूमि बस्तर में प्रकृति ने सभी तरह के संसाधन दिए है यहां कोई कमी नही है। सेवा करने की काफी संभावनाएं भी यहां है। उन्होंने जिला आयुक्त संजय पाण्डे से बस्तर में स्काउट्स एवं गाइड्स का एक बड़ा कार्यक्रम करने पर चर्चा की।

## कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्राचार्यों की ली बैठक

# शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और स्कूलों के प्राचार्यों को शिक्षण संस्थानों और शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूलों में पंजीकृत बच्चों और शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने ड्राप आउट दर को जुलाई माह तक शून्य करने, विद्यार्थियों को गणवेश वितरण, पुस्तक वितरण, सायकिल वितरण कार्य को जुलाई माह तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाला भवन की प्रतिदिन साफ सफाई और शौचालय हेतु रनिंग वाटर की सुविधा भी सुनिश्चित करने कहा। स्कूल में बच्चों को सिलेबस के आधार पर पढ़ाई करवाने की योजना बनाएं, टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करवाई जाए और पीटी परेड, खेलकूद का समय पर खेल सामग्रियों का उपयोग किया जाए। दसवीं और बारहवीं में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों को अभी से प्रयास करवाएं ताकि कक्षा के अधिकांश बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो। सभी स्कूलों में समय पर शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षक के अवकाश में रहने की स्थिति में अन्य शिक्षक की व्यवस्था भी रखें।

इसके अलावा कलेक्टर ने कहा कि स्कूल भवन मरम्मत की आवश्यकता की जानकारी दें और भवन का रख रखाव भी बेहतर हो। जिले के सभी स्कूलों में छात्रों के जाति प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी दो सप्ताह में देने के निर्देश दिए और फिजिकल जारी प्रमाण पत्र को ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र में परिवर्तित करवाने भी कहा। कक्षा पहली में दर्ज विद्यार्थियों का जन्म प्रमाण को संधारित कर रखें साथ ही सभी का जाति प्रमाणपत्र शत-प्रतिशत बनवाने कहा। कलेक्टर ने अपार आई डी में पंजीयन की स्थिति का भी संज्ञान लिया। इस दौरान एनआईसी कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, डीएमसी अखिलेश मिश्र, एपीसी राकेश खापर्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

- स्कूलों में पंजीकृत बच्चों और शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें




### विद्यालय परिसर में 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर जिले में लगभग एक लाख 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विद्यार्थियों को पौधारोपण करवाकर उसे संरक्षित करने के लिए जिम्मेदारी दी जाए। पौधरोपण के लिए स्थानीय वैरायटी के पौधे को चयन करें और उद्यानिकी व वन विभाग से आवश्यकता अनुसार पौधे प्राप्त करें।

### विद्यार्थी सूचकांक लक्ष्य को पूरा करें

बैठक में कलेक्टर ने कहा विनोबा एप का दैनिक उपयोग सुनिश्चित करे, अभ्यस्थ हो जावे एवं आपस में शैक्षिक गतिविधियों का आदान-प्रदान को बढ़ावा देवे।शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए जिले का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्रवेश एवं उपस्थिति दिनों की संख्या बढाना है। इसके लिए सतत प्रयासरत रहे।बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता का मासिक मूल्यांकन करें एवं सतत मॉनिटरिंग करते हुए विद्यार्थी सूचकांक लक्ष्य को पूर्ण करें।

### बच्चों की बैठक व्यवस्था अच्छी बनाएं

कलेक्टर ने बच्चों का शत-प्रतिशत शाला में प्रवेश सुनिश्चित करना (बालवाडी, कक्षा पहली, 6वी, 9वी एवं 11वीं कक्षा में प्रवेश)। गणवेश वितरण एवं उससे संबंधित समस्त दस्तावेज शाला, विकासखण्ड स्तर पर संधारित करना है। शाला भवन एवं आस-पास के परिसर को स्वच्छ रखते हुए बच्चों की बैठक व्यवस्था अच्छी बनाएं। बच्चों के लिए शौचालयो का उपयोग सुव्यवस्थित हो, शौचालयों में साफ-सफाई हो एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। शाला में शिक्षण अवधि को सुव्यवस्थित करते हुए आवश्यकता आधारित समय चक्र बनाये एवं उसका पालन करना सुनिश्चित करें।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए योजना बनाएं

कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों में से 80 प्रतिशत छात्रों को परीक्षा परिणाम मे बेहतर प्रदर्शन (60 प्रतिशत प्राप्तांक) के लिए योजनाबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मिशन 200 इस मिशन के तहत जिले के 10वीं एवं 12वीं के अध्ययनरत छात्रों में से 200 विद्यार्थियों को 93 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन कार्य करना एवं योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य प्राप्ति के लिए संकल्पित रहना है।

## समस्या का निराकरण करने पेंशनरों ने सांसद से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने कल बस्तर लोक सभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप से भेंट कर राज्य के पेंशनरों की गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए उसके शीघ्र निदान के लिए पहल करने का अनुरोध किया।

संभागीय अध्यक्ष आरएन ताटी ने मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) में विहित प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि किस तरह उक्त धारा के कारण लंबे समय से छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के पेंशनर्स पीड़ित हैं। उक्त धारा से होने वाली व्यावहारिक कठिनाई का जिक्र करते हुए कहा कि इस धारा के कारण दोनों राज्यों की आपसी सहमति जरूरी है और दोनों राज्यों की आपसी सहमति के चक्कर में पेंशनरों को केंद्र द्वारा देय तिथि से महंगाई राहत कभी नहीं मिल पाता।आपसी सहमति में सात आठ माह लग जाते हैं और पेंशनरों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है।

- सांसद ने कहा मानसून सत्र में लोकसभा में इस मुद्दे पर लाया जाएगा ध्यानाकर्षण

सांसद ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासकीय सेवा में रहते हुए लंबे समय तक राष्ट्र के विकास में सहभागी रहे बुजुर्ग पेंशनर्स से संबंधित इस मामले को आगामी मानसून सत्र में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से लोकसभा में ज़रूर उठायेंगे,ताकि केंद्र सरकार द्वारा इस समस्या के स्थायी निदान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा सके। प्रतिनिधि मंडल के रूप में मिलने वालों में किशोर कुमार जाधव,अब्दुल सत्तार खान ,एलएस नाग और अशोक रावत शामिल थे।

## वन भूमि पर अतिक्रमण कर हल जुताई करते हुए ट्रैक्टर जप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के परिक्षेत्र जगदलपुर (सा.) के उप परिक्षेत्र नानगुर के अन्तर्गत वन क्षेत्रों में अवैध कटाई, अतिक्रमण की रोकथाम हेतु वन कर्मचारियों द्वारा भ्रमण किए जाने के दौरान शुक्रवार को कक्ष क्र. पीएफ 1750 नया 1085 में एक ट्रैक्टर को हल जुताई करते हुए जप्त किया गया। यह कार्रवाई वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वनों को अवैध अतिक्रमण मुक्त करना अभियान के तहत वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उप वन मण्डलाधिकारी जगदलपुर देवलाल दुग्गा के कुशल नेतृत्व में की गई। कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, उड़नदस्ता रेंजर पीके तिवारी, वनरक्षक शंभूनाथ मौर्य, हेमकान्त पाण्डेय, प्रवीण सिंह, वनपाल श्रीमती ममता कश्यप, निर्मल देवांगन एवं समिति पोटियापाल के ग्रामीणों का सहयोग रहा। ट्रेक्टर को विभागीय कार्यवाही करते हुए जप्त कर कार्टिंग चालान द्वारा काष्ठागार जगदलपुर भेजा गया एवं ट्रेक्टर के राजसात कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही से अवैध अतिक्रमणकारियों में भय का वातावरण छाया हुआ है, इस कार्यवाही से निश्चित रूप से अतिक्रमण में रोकथाम लगेगी।

- वनों को अवैध अतिक्रमण मुक्त करना अभियान चलाया जा रहा

## डिजिटल अरेस्ट केस में 28 लाख की ठगी करने वाले पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनाला स्मृतिक, पूजा कुमार तथा आर.के. बर्मन के मार्ग दर्शन एवं एसडीओपी बारसूर कपिल चंद्रा के पर्यवेक्षण में धोखाधड़ी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। प्रार्थी को डिजिटल अरेस्ट में डाल कर 28 लाख रुपए का फ्रॉड होना पाया गया। तकनीकी शाखा दंतेवाड़ा के नोडल अधिकारी ठाकुर गौरव सिंह के नेतृत्व में फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन एनालिसिस एवं साइबर फॉरेंसिक टूल्स उपयोग कर जानकारी के आधार पर जामनगर, गुजरात से तीन आरोपीगणों आफताब समा पिता ताज मोहम्मद उम्र 24 वर्ष, किशन वाढेर पिता प्राण जीवन भाई उम्र 24 वर्ष तथा पारिया अजय पिता प्रवीण भाई उम्र 24 वर्ष को गिरफतार किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक किरन्दुल निवासी एनएमडीसी कर्मचारी को 30.मई के शाम 7.45 बजे मोबाईल नंबर में व्हाटसप काल कर एक व्यक्ति द्वारा मुंबई में आपके नाम से एक बैंक अकाउंट ओपन हुआ है जिसमें अवैध लेनदेन किया गया है जिस पर मुंबई में आपके विरूद्ध मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर एफआईआर हुआ है, बोलकर इस केस में सेटलमेंट करने हेतु 28 लाख रुपए का ट्रांसफर करने को कहा गया। डरकर उसने आरोपी के खाता में 28 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया बाद में प्रार्थी को अपने साथ धोखाधड़ी होने की अंदेशा की रिपोर्ट कराने पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 28/2025 धारा 318 (4) बी.एन.एस., 66 (डी) आईटी एक्ट में पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। किरंदुल पुलिस ने गुजरात के जामनगर से तीन आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्यवाही में निरीक्षक विमल रॉय, उनि हेमशंकर गुनेंद्र, गोल्डी भारद्वाज, सउनि प्रशांत सिंह, आरक्षक अजीत नरेटी तथा देवलाल सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

- गुजरात के जामनगर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया
- साइबर सेल दंतेवाड़ा एवं थाना किरंदुल की संयुक्त कार्यवाही




## बारिश के बाद तीरथगढ़ जलप्रपात में पर्यटकों के लिए बनेगा ग्लॉस ब्रिज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के तीरथगढ़ का जलप्रपात की अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर है। इस जलप्रपात को निहारने के लिए हर साल हजारों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटक यहां आते हैं। इस स्थान को और अधिक आकर्षित बनाने के कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से पर्यटकों की सुविधा के लिए चायना की तर्ज पर तीरथगढ़ में ग्लॉस ब्रिज का निर्माण किया जाएगा, इसके लिए पुणे की कंपनी के इंजीनियर पहुंचकर सर्वे किया, यह ब्रिज का निर्माण कार्य बारिश के बाद शुरू किया जाएगा। ग्लॉस ब्रिज बनने से ऊंचाई पर खड़े होकर जलप्रपात देख पाएंगे। बस्तर संभागीय मुख्यालय शहर से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह मनमोहक जलप्रपात पर्यटकों का मन मोह लेता है। पर्यटक इसकी मोहक छटा में इतने खो जाते हैं कि यहां से वापिस जाने का मन ही नहीं करता। मुनगाबहार नदी पर स्थित यह जलप्रपात चन्द्राकार रूप से बनी पहाड़ी से 300 फिट नीचे सीढ़ी नुमा प्राकृतिक संरचनाओं पर गिरता है, पानी के गिरने से बना दूधिया झाग एवं पानी की बूंदों का प्राकृतिक फव्वारा पर्यटकों को मन्द-मन्द भिगो देता है।

- ग्लॉस ब्रिज बनने से पर्यटक ऊंचाई पर खड़े होकर निहार सकेंगे

### शीघ्र बनेगा ग्लॉस ब्रिज

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि बारिश के बाद शीघ्र ही तीरथगढ़ जलप्रपात को पर्यटकों की सुविधा के लिए ग्लॉस ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए पुणे की कंपनी के विशेषज्ञ तीरथगढ़ का सर्वे कर चुके हैं।

# कलेक्टर ने डेयरी उद्योग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं गारमेंट फैक्ट्री का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार सृजित कर स्थानीय निवासियों, महिलाओं, महिला स्वसहायता समूह, नक्सल पीड़ित परिवारों तथा आत्म समर्पित नक्सलियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर पर व्यापक सुधार लाने के लिए रोजगार मूलक विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण किया।

- नक्सल पीड़ित परिवारों एवं आत्म समर्पित नक्सलियों के जीवन स्तर में सुधार लाने के दिए निर्देश



इस दौरान जनपद पंचायत परिसर में स्थित डेयरी उद्योग का संचालन करने स्थानीय स्तर पर दुग्ध संग्रहण कर गौसेवकों से उचित दर पर संग्रहीत किए गए दुग्ध का पनीर बनाने की व्यवसाय स्थापित कर उनके विक्रय हेतु सीआरपीएफ कैम्प, आश्रम, छात्रावास एवं पोटाकेबिन में सप्लाई करने की पहल करने के निर्देश दिए ताकि दुग्ध विक्रेता किसानों को सही दाम भी मिल सके एवं पनीर उद्योग संचालित कर लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सके। उक्त परिसर के प्रसंस्करण केन्द्र का अवलोकन कर वहां मौजूद मशीनों के बारे में जानकारी ली एवं उनके उपयोग संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

तत्पश्चात कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर पहुंचकर वहां के आजीविका मूलक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा मशरूम उत्पादन हेतु स्पॉन तैयार किए जाने की जानकारी देते हुऐ बताया कि 15-20 किसानों द्वारा मशरूम का पैदावार किया जाता है। स्थानीय बाजार में मशरूम की मांग अच्छी है। कलेक्टर ने मशरूम उत्पादन, ग्राफ्टेड बैगन, टमाटर, मिर्ची सहित विभिन्न सब्जी फसलों के उत्पादन पर जोर दिया। वहीं जिले के प्रगतिशील एवं आदर्श किसानों की जानकारी ली।




## राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट्स एवं गाइडस का प्रमाण पत्र देकर हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के ज्ञानगुड़ी में समस्त स्काउट्स एवं गाइडस की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में स्काउट्स एवं गाइडस राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, महापौर व जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे, सहायक राज्य आयुक्त वाजिद खान, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल दास, जगदीश पात्र, पूनम सलाम, शालिनी तिवारी, राकेश खापर्डे, जिला आयुक्त गाइड , सुधा परमार, जिला संगठन आयुक्त गाईड,मीरा हिरवानी, जिला संगठन आयुक्त दशरु राम यादव, जिला सचिव ,लिलेश देवांगन, मनोज महापात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में गत वर्ष राज्यपाल पुरुस्कार प्राप्त स्काउट्स एवं गाइडस को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

